हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 20 जनवरी 2026

[ देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा ]

04 लापरवाही बरतने वाले 18 चिकित्सक, कर्मचारियों...



07 23 को जिले में किया जाएगा ब्लैक आउट व हवाई हमले...




**खबर संक्षेप**

### चेक बाउंस मामले में फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार, जेल भेजा

**सीहोर।** पुलिस ने चेक बाउंस के एक प्रकरण में फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायालय द्वारा पहले ही 6 माह के कारावास की सजा सुनाई जा चुकी थी। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 16 जनवरी की रात पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि चेक बाउंस प्रकरण में दोषी फरार आरोपी संदीप वर्मा भोपाल के जवाहर चौक क्षेत्र में मौजूद है। सूचना के आधार पर थाना प्रभारी बिलकिसगंज उप निरीक्षक संदीप मीणा के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर भोपाल रवाना की गई। टीम ने दबिश देकर आरोपी संदीप वर्मा निवासी ग्राम खेड़ली को गिरफ्तार किया।

### जाति प्रमाण पत्र आवेदन के साथ समग्र आईडी अनिवार्य

**सीहोर।** लोक सेवा गारंटी के माध्यम से जाति प्रमाण-पत्र बनवाने के लिए अब आवेदन की या परिवार की समग्र आई.डी.होना अनिवार्य किया गया है। जिले की तहसीलों में स्थापित लोक सेवा गारंटी केंद्र पर जाति के आवेदन क्रमशः अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति पिछडे.वर्ग, विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ के मैन्युअल जाति के आवेदन मैन्युअल अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति मैन्युअल अन्य पिछडे वर्ग मैन्युअल विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ जाति के आवेदन पोर्टल पर लाइव कर दिया है।

### माता के दर्शन कर मनोकामना पूर्ति के लिए कराए हवन अनुष्ठान

# गुप्त नवरात्रि के प्रथम दिवस सिद्धपीठ पर बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु






हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

माघ मास की गुप्त नवरात्रि सोमवार से प्रारंभ हो गईं। प्रथम दिवस माता रानी का आकर्षक पीताम्बरा श्रृंगार किया गया था। माता रानी के गर्भगृह सहित सम्पूर्ण मंदिर परिसर को सजाया गया था। मंदिर पर आकर्षक विद्युत सज्जा की गई है। गुप्त नवरात्रि के प्रथम दिवस बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता रानी के दर्शनार्थ सिद्धपीठ पहुंचे। प्रथम दिन प्रातःकाल से ही दर्शनार्थ भक्तों की कतार लगना प्रारम्भ हो गई थी जोकि दिनभर लगी रही। इस दौरान भक्त अपनी मनोकामना की पूर्ति के लिए मंदिर परिसर स्थित यज्ञशाला में हवन अनुष्ठान भी करते रहे।

हिंदू मान्यता के अनुसार गुप्त नवरात्रि का पर्व तंत्र, मंत्र और यंत्र की सिद्धि के लिए विशेष फलदायी माना गया है। मान्यता है कि देवी के 10 स्वरूपों की साधना इस नवरात्रि में जितने गुप्त रूप से की जाती है साधक को उतना ही ज्यादा पुण्यफल प्राप्त होता है। सनातन परंपरा में गुप्त नवरात्रि की साधना सभी कष्टों को दूर करने की कामनाओं को पूरा करने वाली मानी गई है। गुप्त नवरात्रि में साधक गुप्त सिद्धियां हासिल करने के लिए विशेष रूप से साधना करता है। गुप्त नवरात्रि का पांचवा दिन अत्यंत शुभ माना गया है क्योंकि इस दिन विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा बसंत पंचमी के दिन की जाती है। यह पर्व शीत ऋतु के बाद बसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक भी माना जाता है।

## कई वीआईपी पहुंचे मां के दरबार में



**नलखेड़ा।** सोमवार को प्रदेश सरकार के लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के राज्य मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, भोपाल की महापौर मालती राय, करणी सेना परिवार के अध्यक्ष जीवनसिंह शेरपुर सहित कई वीआईपी मां बगलामुखी मंदिर पहुंचे। राज्य मंत्री पटेल ने माता रानी के दर्शन कर मंदिर परिसर में हवन अनुष्ठान भी किया। उनके सिद्धपीठ पहुंचने पर भाजपा नेताओं ने उनका स्वागत किया। भोपाल महापौर मालती राय ने माता रानी के दर्शन कर पूजन किया गया। उन्होंने सिद्धपीठ के समीप स्थित सांदीपेंद्र आश्रम पहुंचकर महामंडलेश्वर स्वामी सांदीपेंद्र गिरि महाराज से भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। करणी सेना परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीवनसिंह शेरपुर द्वारा सिद्धपीठ पहुंचकर माता रानी के दर्शन किये गए। इस दौरान मुख्य पुजारी द्वारा उन्हें माता रानी की चुनर ओढ़ाकर आशीर्वाद प्रदान किया गया। शेरपुर के नगरागमन पर उनके समर्थकों द्वारा स्थान स्थान पर उनका स्वागत किया गया।



## शासकीय महाविद्यालय में विज्ञान मेले का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय में इंस्टिट्यूशन इनोवेशन सेल (आईआईसी) के तत्वावधान में विज्ञान मेले का आयोजन किया गया। आईआईसी के समन्वयक डॉ सर्वेश व्यास ने बताया कि आगामी दिनों में महाविद्यालय में नेक का निरीक्षण होना है इस हेतु विद्यार्थियों की सृजनशीलता एवं नवाचार को बढावा देने हेतु महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ जीएल रावल के मुख्य आतिथ्य मे विज्ञान मेले का आयोजन किया गया। विज्ञान मेले के प्रभारी डॉ सुखदेव बैरागी के नेतृत्व एवं विज्ञान मेला आयोजन समिति के सदस्य डॉ प्रेरणा पाठक डॉ बलवंत सिंह दांगी अनिल प्रजापति महेंद्र प्रताप गुजराती सुधा शर्मा के निर्देशन में विद्यार्थियों ने अपनी वैज्ञानिक सोच को धरातल पर उतारते हुए नवाचारी प्रोजेक्ट्स व मॉडल प्रस्तुत किए। साथ ही विद्यार्थियों ने न केवल मॉडल तैयार किए बल्कि कठिन नियमों को समझाने के लिए आकर्षक फ्लेक्स और पोस्टर भी लगाए गए थे जो आगंतुकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहे। विद्यार्थियों ने उनके पीछे छिपे वैज्ञानिक सिद्धांतों को भी बहुत ही सरल और प्रभावी ढंग से समझाया। इस अवसर पर प्रो संतोष कुमार कुमावत डॉ सीमा तारे डॉ आशीष सांखला सहित स्टाफ सदस्य एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## पीएम श्री शासकीय हाईस्कूल धरोला में तीन दिवसीय खेल महोत्सव का हुआ शुभारंभ



**नलखेड़ा।** विकासखंड के पीएम श्री शासकीय हाईस्कूल धरोला में सोमवार को मां सरस्वती के पूजन के साथ तीन दिवसीय खेल महोत्सव का शुभारंभ हुआ। खेल महोत्सव के प्रभावी संचालन हेतु विशेष रूप से आमंत्रित खेल शिक्षक सैयद अताअली एवं उच्च माध्यमिक शिक्षक गिरिराज गोठी के मार्गदर्शन में जूनियर जिसमें कक्षा 6 से 8 एवं सीनियर जिसमें कक्षा 9 एवं 10 वर्ग की विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। बालक-बालिकाओं के लिए अलग-अलग श्रेणियों में 100 मीटर दौड़ 200 मीटर दौड़ भाला फेंक और चेयर रेस जैसी रोमांचक स्पर्धाएं दिनभर चलीं। प्रतियोगिता 21 जनवरी तक चलेगी।

## अयोध्या तो झांकी है मथुरा काशी अभी बाकी है, हिंदू-सिख भाई-भाईः जगदीश कुशवाहा



**सीहोर।** काला पहाड़ पर रविवार को वंदे मातरम का जय घोष गूंज उठा। हजारों सनातन धर्मियों ने हर हर महादेव और जय श्री राम का नारा लगाया। विराट हिंदू सम्मेलन में मोगरा मंडल के 13 से अधिक गांव के महिला पुरुष बड़ी संख्या में शामिल रहे। सनातन धर्मियों को कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्र स्वयंसेवक संघ के जितेंद्र सेन और विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जगदीश कुशवाहा व अखिल भारतीय गायत्री शक्तिपीठ की पदाधिकारी रमिला परमार योगेश वर्मा ने मार्गदर्शन दिया।

भगवान श्री राम दरबार और हनुमान जी महाराज की विधिवत पूजा अर्चना कर पंडित राजेश शर्मा और काला पहाड़ हनुमान मंदिर समिति सहित 13 ग्राम पंचायत के सरपंचों ने शुभारंभ किया। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जगदीश कुशवाहा ने कहा कि हिंदू समाज को संगठित करने के लिए हिंदू सनातन धर्म के द्वारा ही हिंदू सम्मेलन आयोजित किया जा रहे हैं। इसी श्रेणी में रविवार को काला पहाड़ पर मोगरा मंडल के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के हजारों सनातन धर्मियों के हित के लिए हिंदू सम्मेलन आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि अब इस देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार है लैंड जिहाद लव जिहाद थूक जिहादी वोट जिहाद नहीं चलेगा। कट्टरपंथियों को अब मुंह तोड़ जवाब मिल रहा है। हिंदू संगठन दिशा में लगातार काम कर रहे हैं। भाई गंगा गांव को हमें बचाना है उन्होंने कहा कि हिंदू और सिख भाई-भाई हो सकते हैं और कोई नहीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जितेंद्र सेन ने कहा कि हम अब बटेंगे नहीं जात पात की करो विदाई हिंदू हिंदू भाई-भाई की नीति पर चलेंगे और देश को विश्व गुरु बनाएंगे। गाय माता को काटने से बचाएंगे गांव को सुरक्षित रखेंगे और और पवित्र गंगा को भी स्वच्छ रखेंगे। विराट हिंदू सम्मेलन में हसनाबाद, आमाझिर, मोगराराम, अल्हड़ाखेड़ी, सारंगाखेड़ी, जहांगीरपुरा, नयापुरा, काला पहाड़, धबोटी, धामनखेड़ा, कहरी, अवंतीनगर सहित अनेक गांवों के लोग शामिल रहे।

## 12वीं राष्ट्रीय तांग सू डो प्रतियोगिता में दैव्यांश सोनी बने बेस्ट फाइटर




**नलखेड़ा।** दिल्ली में 16 से 18 जनवरी तक आयोजित 12वीं राष्ट्रीय तांग सू डो (कोरियन कराते) प्रतियोगिता में नगर के कमला सागर विद्यालय के खिलाड़ी दैव्यांश पिता अनिल सोनी ने एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम की है। प्रतियोगिता की जूनियर बॉयज़ कैटेगरी में उत्कृष्ट तकनीक आत्मविश्वास और आक्रामक खेल का प्रदर्शन करने पर दैव्यांश सोनी को बेस्ट फाइटर अवार्ड से सम्मानित किया गया। जूनियर स्तर पर बेस्ट फाइटर का खिताब प्राप्त करने पर दैव्यांश सोनी को विद्यालय के संचालक दिलीप तांतेड़ ने बधाई देते हुए कहा जूनियर स्तर पर बेस्ट फाइटर का खिताब प्राप्त करना गौरव की बात है। यह दैव्यांश की मेहनत, आत्मविश्वास और प्रशिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का परिणाम है। दैव्यांश की उपलब्धि पर विद्यालय परिवार, अभिभावक एवं मित्रों ने शुभकामनाएं दीं।

## न्यूनतम तापमान तीन दिन से 5.5 पर स्थिर, कड़ाके की ठंड का असर जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में पिछले चार दिनों से मौसम में काफी बदलाव देखने को मिला है। तीन दिन पहले यहां न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस था। लेकिन शुक्रवार और शनिवार को लगातार दो दिन न्यूनतम तापमान 5.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

रविवार को न्यूनतम तापमान फिर से 5.5 डिग्री सेल्सियस रहा, लेकिन अधिकतम तापमान में 1.5 डिग्री की बढ़ोतरी हुई। आज अधिकतम तापमान 28.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। साथ ही आज पहली बार मौसम में काले और घने बादल छा गए, जिसके कारण सुबह से ही सूरज और बादलों के बीच लुका-छिपी का दौर जारी रहा।



**अगले कुछ दिनों में मावठा गिरने की संभावनाः** मौसम विभाग ने बताया कि बादलों की घनीता बढ़ने से अगले दिनों मावठे गिरने की संभावना है। सीहोर जिले में पिछले डेढ़ महीने से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। दिसंबर में न्यूनतम तापमान लगातार 10 डिग्री से नीचे रहा और जनवरी में भी शीतलहर जारी रही। लेकिन आज से मौसम में बदलाव आया है। आसमान पर बादल छा जाने और हवा का रुख दक्षिण-पूर्व की ओर होने से ठंड में कमी महसूस हुई। मौसम विभाग ने कहा है कि जैसे-जैसे बादल और अधिक घने होते जाएंगे, निश्चित तौर पर आने वाले दिनों में मावठे गिरने की संभावना बढ़ेगी।

### गाजे-बाजे, डीजे, ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों के साथ दरबार पहुंचे ग्रामीण

# आस्था का अद्भुत दृश्य, चंदेरी में देवधर्मी की गादी पर उमड़ा जनसैलाब, दुख-दर्द हुए दूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिले के समीपस्थ ग्राम चंदेरी में रविवार की सुबह ऐसा दृश्य देखने को मिला, जिसने हर देखने-सुनने वाले के मन को आस्था और विश्वास से भर दिया। आधुनिकता की तेज़ रफ्तार के बीच भी जब ग्रामीण अंचल में देवी-देवताओं की परंपरागत आस्था जीवंत रूप में सामने आती है, तो उसे चमत्कार कहें या अटूट श्रद्धा-यह तय कर पाना कठिन हो जाता है। चंदेरी में देवधर्मी की गादी पर जो कुछ घटित हुआ, उसने सैकड़ों लोगों के दिलों में उम्मीद की लौ जगा दी। सुबह होते ही चंदेरी के अलावा पिपलिया मीरा, भगवानपुरा, आलमपुरा, बिलकिसगंज, अल्हदाखेड़ी, चौंदी, तज, अमरोद, खामलिया, थूना, पचामा, नयापुरा, बैरागढ़ खुमान, मगरखेड़, जमनी, पड़ली, सेवनिया, अवंतीपुरा, कौड़िया सहित आसपास के दो दर्जन से अधिक गांवों से ग्रामीण गाजे-बाजे, डीजे, ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों के साथ देवधर्मी की गादी पर पहुंचे। महिलाएं सिर पर कलश लिए, पुरुष जयकारे लगाते और बच्चे उत्सुक निगाहों से इस अनोखे दृश्य को देख रहे थे। एक किलोमीटर से भी लंबी कलश यात्रा ने पूरे गांव को मानो मेले में बदल दिया। हर चेहरे पर उम्मीद थी—किसी को बीमारी से मुक्ति की आस थी, तो कोई वर्षों पुराने दुख-दर्द से राहत की कामना लेकर बाबा के दरबार में पहुंचा।

गांव के समाजसेवी एवं किसान एम.एस. मेवाड़ा ने बताया कि शनिवार रात देवधर्मी की गादी के पंडाजी के हाथों में चमत्कारिक रूप से पानी प्रकट हुआ, जिसके बाद यह मान्यता फैल गई कि देवधर्मी ने एक सप्ताह तक लोगों के दुख-दर्द हरने का वचन दिया है। यह खबर आग की तरह आसपास के गांवों में फैली और रविवार को श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा।

देवधर्मी की गादी पर लगे दरबार में लोग अपनी-अपनी पीड़ा रखते गए और उन्हें समाधान का मार्ग बताया गया। ग्रामीणों का कहना है कि यहां आकर वर्षों पुरानी बीमारियों में राहत मिली, मानसिक कष्ट दूर हुए और जीवन में नई ऊर्जा का संचार हुआ। आस्था के इस संगम में हर कोई भावविभोर दिखाई दिया।

एम.एस. मेवाड़ा ने बताया कि चंदेरी गांव में देवधर्मी देव भिलट की दो गादी स्थापित हैं, जहां देवता के आगमन से जनसाधारण के संकट कटते हैं। देवधर्मी के पंडाजी हरि सिंह मेवाड़ा एवं उनके साधक राजमल मेवाड़ा आगामी एक सप्ताह तक गादी पर रहकर लोगों की समस्याओं का समाधान करेंगे। इस दौरान प्राकृतिक आपदाओं, ओलावृष्टि जैसी विपदाओं से गांव की रक्षा का भी वचन दिया गया। इसके साथ ही बाबा ने गो रक्षा करने की बात कही गई। आस्था के इस सप्ताह में फूल सिंह गुर्जर द्वारा भागवत कथा का वाचन होगा, वहीं संतोष पंडित के सान्निध्य में हवन-पूजन संपन्न कराया जाएगा। चंदेरी में उमड़ा यह जनसैलाब यह बताने के लिए काफी है कि आज भी ग्रामीण जीवन में श्रद्धा, विश्वास और भक्ति लोगों के दुख-दर्द को सहने की ताकत और जीने की नई राह दिखाती है।

## झपटमारी के चार आरोपी गिरफ्तार, बाल अपचारी भी शामिल, चांदी की चेन, नकदी और बाइक जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिले की भैरुंदा पुलिस ने झपटमारी के चार आरोपियों को रविवार को गिरफ्तार किया है। इनमें एक बाल अपचारी भी शामिल है। पुलिस ने आरोपियों से एक चांदी की चेन, एक पर्स, नकदी और घटना में इस्तेमाल की गई बाइक जब्त की है। तीन आरोपियों के खिलाफ पहले से चोरी और मारपीट के मामले दर्ज हैं, जिसके चलते उन पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की गई है।

जानकारी के अनुसार, 16 जनवरी को ग्राम धोलपुर निवासी नीलेश राठौर ने अज्ञात तीन आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। नीलेश ने बताया था कि आरोपियों ने उनसे चांदी की चेन और पर्स सहित 12,000 रुपए झपट लिए थे। इस शिकायत के आधार पर भैरुंदा थाने में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस की एक विशेष टीम ने घटनास्थल से जानकारी जुटाई और कुछ संदिग्धों की पहचान की। मुखबिर की सूचना और तकनीकी सहायता से पुलिस ने अरमान खान, आहद खान, मोहम्मद अरशद खान उर्फ मुविन और एक बाल अपचारी को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान सभी आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। मामले की जांच के दौरान आरोपी आहद द्वारा झपटी गई चेन खरीदने की बात सामने आई, जिसके बाद उस पर चोरी का माल खरीदने की धारा भी जोड़ी गई। पुलिस ने इस मामले में कुल लगभग 90,000 रुपए का मशरुका जब्त किया है। इसमें एक चांदी की चेन, एक पर्स, 1,000 रुपए नकद और घटना में प्रयुक्त बाइक शामिल है।

## खबर संक्षेप

### बदमाशों ने महिला से सोने की चेन झपटी



**देवास।** शहर में सोमवार को पूजा करने मंदिर जा रही एक महिला के गले से बाइक सवार दो अज्ञात बदमाशों ने सोने की चेन झपट ली। यह घटना बीएनपी थाना क्षेत्र के विश्राम बाग, राधागंज में हुई। जानकारी अनुसार, विश्राम बाग निवासी उषा नोरंगे अपने घर के पास स्थित मंदिर में पूजा करने जा रही थीं। जैसे ही वह मंदिर के करीब पहुंचीं, पीछे से आए बाइक सवार बदमाशों ने उन्हें निशाना बनाया।दोनों युवकों ने तेजी से महिला के गले से चेन खींची और मौके से फरार हो गए। महिला ने शोर मचाने की कोशिश की, लेकिन आरोपी इतनी तेजी से भागे कि उन्हें पकड़ा नहीं जा सका। घटना के बाद महिला ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है, ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके।डीएसपी संजय शर्मा ने बताया कि महिला के साथ चेन स्नेचिंग की वारदात हुई है। पुलिस फुटेज तलाश कर रही है और मामले की जांच जारी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए कड़ी कार्रवाई की जाएगी और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### आनंद उत्सव कार्यक्रम में बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं हुईं शामिल



**देवास।** शासन के निर्देशानुसार के जिले में कलेक्टर ऋतुराज सिंह के मार्गदर्शन में "आनंद उत्सव" का आयोजन किया जा रहा है। आनंद उत्सव में जिले के ग्रामों एवं नगरीय निकायों में बच्चों, बुजुर्गों एवं महिलाओं के लिए विभिन्न पारंपरिक खेल प्रतियोगिता आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सभी उत्साह से सहभागिता कर आनंद की अनुभूति प्राप्त कर रहे हैं। आनंद विभाग की समन्वयक डॉ समीरा नईम ने बताया कि देवास जिले के सभी विकासखंडों एवं नगर परिषदों में लगभग 295 स्थानों पर आनंद उत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिलेवासी 28 जनवरी तक संचालित आनंद उत्सव में उत्साह के साथ सहभागिता कर पारंपरिक खेलों का आनंद ले रहे हैं। यह उत्सव नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों के महिला एवं पुरुषों में आनंद की अनुभूति दिलाने के लिए आयोजित किया जा रहा है। आनंद के इस कार्यक्रम अंतर्गत कबड्डी, कुर्सी दौड़, नींबू रेस, रस्सी खींच, बोरा दौड़ एवं अन्य पारम्परिक खेलों के साथ, गायन, नृत्य, भजन आदि, सांस्कृतिक गतिविधियों को शामिल किया गया हैं। आनंद उत्सव को सफलता पूर्वक मनाने के लिए जिले के सभी विकासखंडों में स्थित ग्राम पंचायतों को कलस्टर में विभाजित किया गया है, जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ आनंदकों की सहभागिता भी सक्रिय रूप से रहेगी।

### कलेक्टर ऋतुराज की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित

# लापरवाही बरतने वाले 18 चिकित्सक, कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई, सोनकच्छ बीएमओ की दो वेतन वृद्धि रोकी

एक को निलम्बित, पांच की वेतनवृद्धि रोकने, तीन पर विभागीय जांच, सात के वेतन काटने एवं दो को शोकाज नोटिस के दिए निर्देश।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में संयुक्त कलेक्टर अंशु जावला, सीएमएचओ डॉ सरोजनी जेम्स बेक, सिविल सर्जन डॉ आर.पी. परमार, महिला बाल विकास अधिकारी साबिर अहमद सिद्धिकी, कार्यक्रम नोडल अधिकारी, बीएमओ, विकासखण्ड कार्यक्रम अधिकारी, बीईई, लेखापाल, सुपरवाईजर सहित शिक्षा विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर सिंह ने शिशु स्वास्थ्य एवं मातृ स्वास्थ्य सेवाओं के अंतर्गत बच्चों एवं महिलाओं का टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं को दी जाने वाली सेवाओं प्रदायगी, आयुष्मान योजना सहित अन्य राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम मिशन परिवार विकास कार्यक्रम, मलेरिया, टीबी, कुष्ठ, एनआरसी, राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम, आशा कार्यक्रम, एसएनसीयू, एनसीडी, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, सीएम हेल्पलाइन सहित अन्य कार्यक्रमों की समीक्षा की। कलेक्टर ने एएनसी रजिस्ट्रेशन की स्थिति की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान पाया गया कि जिले में 66.04 प्रतिशत एएनसी कार्य किया गया है, जिस पर कलेक्टर ने नाराजगी जताते हुए कहा यह विभाग का नियमित कार्य है। इसमें लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। गर्भवती महिलाओं का अनमोल पोर्टल में एएनसी पंजीयन में लापरवाही पर प्रभारी एएनएम रीना साकते, एएनएम दीपिका वर्मा का 07 दिवस का वेतन काटने के निर्देशे दिए। शहरी क्षेत्र में मॉनिटरिंग में लापरवाही करने पर बीईई सुखदेव रावत की दो वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए। एएनसी कार्य में सोनकच्छ की स्थिति बहुत निराशाजनक होने पर सोनकच्छ बीपीएम दीपक



चौहान की दस दिन एवं सोनकच्छ बीएमओ राकेश कुमार की दो वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि जिले में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य को बेहतर कर सुरक्षित प्रसव के उद्देश्य से स्वस्थ मां और स्वस्थ्य शिशु के जन्म को ध्यान में रखते हुए एनीमिक गर्भवती महिलाओं को शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में ब्लड ट्रांसफ्यूशन पर कलेक्टर देवास द्वारा 500 रूपये की प्रोत्साहन राशि देने की योजना आगामी दिसम्बर 2026 तक लागु की गई है। इस प्रोत्साहन राशि से गर्भवती महिलाओं को सम्बंल मिलेगा और अपने स्वास्थ्य के प्रति स्वयं सजग भी रहेगी। कलेक्टर ने कहा एनएनसी रजिस्ट्रेशन का कार्य प्रतिमाह शतप्रतिशत करना सुनिश्चित करें, तभी आईएमआर तथा एमएमआर में सुधार होगा। स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग अभियान चलाकर जिले में शत प्रतिशत एएनसी रजिस्ट्रेशन करें। बैठक में एनीमिक गर्भवती महिलाओं के प्रबंधन की स्थिति एवं 04 एएनसी चेकअप की समीक्षा की। 04 एएनसी चेकअप में लापरवाही पाए जाने पर उन्होंने कहा कि प्रत्येक गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जवाबदेही स्वास्थ्य विभाग की है। इसमें लापरवाही बर्दास्त नहीं की जायेगी। कार्य में लापरवाही बरतने वाले बागली बीपीएम रतनसिंह जामले एवं कन्नौद बीपीएम प्रदीप पवार का दस दिन का वेतन और एपीएम स्वीटी यादव का सात दिन का वेतन काटने के निर्देश दिये। कलेक्टर सिंह ने सभी बीएमओ को निर्देश दिये कि पेथालॉजी में आने वाले शतप्रतिशत केसो का पंजीयन अनिवार्य रूप से करना सुनिश्चित करें। स्वास्थ्य विभाग में अनियमितता एवं लापरवाही को देखते हुए कलेक्टर सिंह ने निर्देश दिए कि बिना अवकाश स्वीकृति के अनुपस्थित पाये जाने पर होगी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि बिना कलेक्टर की अनुमति लिए बिना कोई भी बीएमओ छुट्टी पर नहीं जाये। सोनकच्छ में पदस्थ डॉ आदर्श ननेरिया एवं डॉक्टर वर्षा राय द्वारा मुख्यालय पर नहीं रहने एवं मरीजों को समय पर सेवा नहीं देने पर शोकाज नोटिस दने के निर्देश दिये। उन्होंने रेफर केसो की समीक्षा कर निर्देश दिए कि हाईरिस्क पर ही रेफर किया जाये। जिले की स्वास्थ्य संस्थाओं में सभी सुविधाएं उपलब्ध है। डॉक्टर अपनी जिम्मेदारी निभाए और बिना हाईरिस्क के रेफर नहीं करें। मातृ मृत्यु प्रकरणों की समीक्षा की एवं सभी प्रकरणों में संबंधित परिजनों से वार्ता कर जानकारी ली। मातृ मृत्यू प्रकरणों में लापरवाही बरतने वाली प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पानी गांव की चिकित्सक डॉ. मेघा कदम की एक वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिये। रेफर एनीमिक महिला का कन्नौद में उपचार नहीं करने पर कन्नौद बीएमओ लोकेश मीणा सहित डयूटी स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिला चिकित्साल की डॉ लक्ष्मी जायसवाल की विभागीय जांच बिठाने एवं ड्यूटी नर्स की दो वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिये। उन्होंने बाल मृत्यु प्रकरणों की समीक्षा कर संबंधितों से बालक की मृत्यु का कारण जाना। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी बीएमओ को निर्देश दिये कि जितने भी बच्चे रेफर किये जाते हे, उन्हें साफ टॉवेल का उपयोग कर रेफेर करें, जिससे बच्चों को किसी प्रकार का संक्रमण न हो पाये। बैठक में नेशनल ट्यूबरकुलोसिस प्रोग्राम की प्रगति की समीक्षा की गई। जिसमें टोंकखुर्द द्वारा शतप्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने पर कलेक्टर सिंह ने संबंधितों की सराहना की एवं सोनकच्छ में कार्य निराशाजनक पाये जाने पर सोनकच्छ एसटीएलएस शर्मिला राठोर का निलम्बित करने के निर्देश दिये। बैठक में गृह आधारित नवजात शिशु की देखभाल की समीक्षा की गई। जिसमें लापरवाही बरतने पर सोनकच्छ के बीसीएम पवन सवनेर का एक माह का वेतन काटने के निर्देश दिये। उन्होंने एनआरसी में भर्ती बच्चों के स्वास्थ्य सुधार एवं जांच/उपचार में लापरवाही बरतने वाले एनआरसी डॉक्टर कपिल गांगिल की दो वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिये। बैठक में टीबी मुक्त ग्राम पंचायत, राष्ट्रीय कुष्ट उन्मूलन परिवार, मिशन परिवार विकास, मोतियाबिंद ऑपरेशन, एनपी-एनसीडी की समीक्षा की गई।

### ब्लॉक स्तरीय रस्साकसी प्रतियोगिता संपन्न

**देवास।** खेलो एमपी यूथ गेम्स के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय रस्साकसी प्रतियोगिता का आयोजन 18 जनवरी को सिटी कॉन्वेंट स्कूल के खेल परिसर में किया गया। प्रतियोगिता में लगभग 150 बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला खेल अधिकारी सेना गडरिया, दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के खेल शिक्षक राजीव चौहान, देवास ब्लॉक प्रभारी युनुस खान, क्षिप्रा ग्रामीण खेल प्रभारी राजेश बरान, विवेक बंजारे उपस्थिति में हुआ।

## शहर में दिनदहाड़े 6 लाख की चोरी, बैंक से पीछा कर वारदात को दिया अंजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में सोमवार दिनदहाड़े एक बुजुर्ग व्यक्ति के साथ बड़ी चोरी की वारदात सामने आई है। स्टेशन रोड स्थित यूनियन बैंक से पैसे निकालकर अलंकार मार्केट स्थित एक समता बैंक पहुंचे बुजुर्ग की एक्टिवा से अज्ञात बदमाश 6 लाख रुपये लेकर फरार हो गए।पीड़ित बुजुर्ग ने बताया कि वह मकान निर्माण के लिए दो अलग-अलग बैंकों से रकम निकालकर लाए थे। अलंकार मार्केट स्थित बैंक का काम निपटाने के बाद जब वे सुभाष चौक पर झंडे की दुकान से झंडा लेने गए और वापस अपनी एक्टिवा के पास लौटे, तो देखा कि गाड़ी में रखे 6 लाख रुपये गायब थे। घटना की सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालना शुरू



कर दिया। बुजुर्ग का कहना है कि संभवतः अज्ञात बदमाश बैंक से ही उनका पीछा कर रहे थे और मौका पाकर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्धों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। दिनदहाड़े हुई इस घटना से इलाके में दहशत का माहौल है।कोतवाली टीआई श्याम चंद्र शर्मा ने बताया कि फरियादी महेश दास बैरागी सुभाष चौक स्थित झंडे वाले की दुकान गाए गए थे जब वापस आए तो उनकी डिक्की में से 6 लाख रुपए गायब थे। उनकी शिकायत पर बीएनएस की धारा 303 में प्रकरण दर्ज किया गया है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे है। तकनीक साक्ष्य जुटाए जा रहे। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## देवास के धावक रिजवान कौसर ने रचा इतिहास, चार राज्यों में प्रो-कैम स्लैम पूरा करने वाले देवास के पहले धावक बने

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर के उभरते धावक रिजवान कौसर ने चार अलग-अलग राज्यों में आयोजित प्रतिष्ठित मैराथनों को सफलतापूर्वक पूरा कर प्रो-कैम स्लैम हासिल किया है। यह उपलब्धि बेहद कम धावकों को प्राप्त होती है और रिजवान कौसर ऐसा करने वाले देवास के पहले धावक बन गए हैं। इस ऐतिहासिक उपलब्धि का अंतिम पड़ाव 18 जनवरी को मुंबई की सड़कों पर आयोजित टाटा मुंबई मैराथन रहा, जहां देशभर से हजारों धावकों ने भाग लिया। रिजवान ने 42 किलोमीटर की फुल मैराथन 5 घंटे 9 मिनट 35 सेकंड में पूरी कर अपना प्रो-कैम स्लैम सफलतापूर्वक पूरा किया। रिजवान कौसर ने इस चुनौती की शुरुआत 27 अप्रैल 2025 को बंगलुरु से की थी। वहां उन्होंने टीसीएस वर्ल्ड 10 किलोमीटर मैराथन को 59 मिनट 19 सेकंड में पूरा किया। इसके बाद 12 अक्टूबर 2025 को दिल्ली में आयोजित वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन में 21 किलोमीटर की दौड़ 2 घंटे 15 मिनट 11 सेकंड में पूरी की। इसके अगले चरण में 21 दिसंबर 2025 को कोलकाता में आयोजित टाटा स्टील वर्ल्ड 25




किलोमीटर मैराथन में उन्होंने 2 घंटे 34 मिनट 26 सेकंड का समय लेकर शानदार प्रदर्शन किया। बंगलुरु, दिल्ली, कोलकाता और मुंबई—चार अलग-अलग राज्यों में आयोजित मैराथनों को सफलतापूर्वक पूरा कर रिजवान कौसर ने यह साबित कर दिया कि मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के बल पर कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

## रतनपुर सब रेंज बीट में अनुभूति कैंप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

वन परिक्षेत्र पूँजापुरा के अंतर्गत आने वाले रतनपुर सब रेंज के बीट कक्ष क्रमांक 497 में अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों को नाश्ते में पोहा जलेबी व चाय के बाद वन भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान प्राकृतिक रूप से बनाया गया स्वागत द्वार,पानी पर बना पुल,फूलों से बनाए गए प्रतीक, एनीकेट आकर्षण का केंद्र रहा। बीट प्रभारी हरीश परमार द्वारा बच्चों को वनस्पति, वृक्षों,वन्य प्राणी एवं मिट्टी और जल संरक्षण से संबंधित जानकारी दी गई। बच्चों को वनों में लगने वाली आग के कारण बताए व आग लगने,वन्य प्राणियों का शिकार की विभाग को सूचित करने के अपने दायित्व के बारे में बताया। भ्रमण के बाद आयोजन स्थल पर पहुंच कर वनों से संबंधित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता रखी गई जिसका हल बच्चों ने किया। प्रथम पुरस्कार करन बामनिया, द्वितीय पुरस्कार विशाल मौर्य, तृतीय पुरस्कार तमन्ना परिहार चतुर्थ पुरस्कार नंदनी सोलंकी नेप्राप्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य भारत सेंधव ने की। राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त रतनपुर सरपंच हरिहर मोगरे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मोगरे ने कहा जंगल को बचाना हम सभी का दायित्व है वन है



तो हमारा जीवन सुरक्षित है। वृक्ष हमसे कुछ नहीं लेते वह मानव को फल औषधि ऑक्सीजन और भी बहुत कुछ देते हैं। इसीलिए हमारा दायित्व बनता है कि हम वनों की रक्षा करें। वही ग्राम रतनपुर की हाल ही में बनी स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मंदाकिनी मोगरे ने बच्चों को मोटिवेट किया।उन्होंने सफल होने के सूत्र बच्चों को बताए। हरिहर मोगरे द्वारा वनों की रक्षा हेतु सभी को शपथ दिलाई गई।कार्यक्रम के पश्चात बच्चों को भोजन कराया गया। कार्यक्रम में बागली एसडीओ अंकित जामोद,रेंजर सत्येंद्र सिंह ठाकुर,डिप्टी रेंजर विजय मौर्य,कैलाश मुजाल्दे,मूलचंद भार्गव,तेज सिंह पवार,वन रक्षक अर्पित शर्मा,संजीव टोटा,मनोज वर्मा,नीरज परते,मोहन लाल पंचोनिया, रतनपुर के ग्रामीण श्यामलाल पटेल,विनोद द्विवेदी,राजेश देवड़ा,राजनारायण मिश्रा,कमल सेधव, भारत सेंधव,हरिसिंह कलम,मधु मुजाल्दे आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नंद किशोर ने किया। आभार रेंजर सत्येंद्र सिंह ठाकुर ने माना।

### ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान के तहत टोंक खुर्द में विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम संपन्न

## शासकीय स्कूल के विद्यार्थियों ने दिखाई रचनात्मक सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, जिला देवास के विकासखंड टोंक खुर्द द्वारा ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन ग्राम जमोनिया स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक, शैक्षणिक एवं संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई, वहीं विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए कार्यक्रम को जीवंत बनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक डॉ. श्रीमती सुप्रिती यादव उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथियों में ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच राजेंद्र जी आर्य, भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष माखन सिंह गुर्जर, विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील मंडलोई सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। मुख्य उद्बोधन में डॉ. सुप्रिती यादव ने ग्रामोदय से अभ्युदय – अयोध्या अभियान को सफल



बनाने हेतु आवश्यक रणनीति, सामुदायिक सहभागिता एवं नवांकुर संस्थाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ग्राम विकास तभी सशक्त होगा जब समाज, विद्यालय, युवा वर्ग और सामाजिक संस्थाएँ मिलकर समन्वित प्रयास करें। मंडल अध्यक्ष माखन सिंह गुर्जर ने अपने संबोधन में स्वामी विवेकानंद जी के प्रेरणादायी जीवन, युवाओं की भूमिका और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को रेखांकित किया। वहीं राजेंद्र आर्य ने शिक्षा के महत्व और सामाजिक नेतृत्व क्षमता के विकास पर उपयोगी विचार साझा किए। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन एवं विचारों पर आयोजित परिचर्चा में सक्रिय भागीदारी की। छात्राओं द्वारा बनाई गई पर्यावरण विषयक रंगोली विशेष आकर्षण का केंद्र रही। विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता विद्यार्थियों को मुख्य अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सुव्यवस्थित संचालन पपलेश जोशी ने किया, जबकि अंत में परामर्शदाता हरलाल पारसनिया द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर विकासखंड टोंक खुर्द के ब्लॉक समन्वयक राजेश सिसोदिया, नवांकुर संस्था के अध्यक्ष, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्य, परामर्शदाता एवं संस्था के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में पपलेश जोशी, हरलाल पारसनिया एवं सुरेश आर्य की भूमिका विशेष रूप से सराहनीय रही।

### 25 जनवरी को मां नर्मदा जन्मोत्सव पर महाआरती के बाद होगा विशाल भंडारे का आयोजन

**देवास।** मां नर्मदा जन्मोत्सव के पावन अवसर पर प्रतिवर्ष की परंपरा का निर्वहन करते हुए इस वर्ष भी देवास जिला रेत व्यापारी एसोसिएशन द्वारा रविवार, 25 जनवरी को प्रातः 11 बजे से भव्य महाआरती एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन स्थल देवास नगर बायपास, ए.बी. रोड स्थित रेत मंडी, नवीन ट्रैफिक थाना के सामने रहेगा। रेत मंडी के वरिष्ठ सदस्य नितेश मालवीय ने माँ नर्मदा के जन्मोत्सव के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि माँ नर्मदा केवल एक नदी नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, आस्था और जीवनदायिनी शक्ति की प्रतीक हैं। इस पावन अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक गायत्री राजे पवार भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेधव और रेती व्यापारी एसोसिएशन अध्यक्ष विजय गहलोत विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के अंतर्गत माँ नर्मदा की परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं के लिए विश्राम, भजन-कीर्तन, प्रसादी एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएँ की जाएँगी। साथ ही परिक्रमा मार्गों पर आदिवासी समाज को जोड़कर सेवा और सहयोग के इस अभियान को जन-आंदोलन का स्वरूप देने का प्रयास किया जाएगा, जिससे श्रद्धा के साथ सामाजिक उत्तरदायित्व भी मजबूत हो। आयोजन को सफल बनाने हेतु भारत सिंह राजपूत, हरीश जी, हुकुम सिंह भालोठिया, मनोहर बालोदिया, तूफान सिंह राजपूत, बालकिशन श्रीवास्तव, सद्दाम पटेल सहित अन्य सामाजिक एवं व्यापारी बंधुओं ने श्रद्धालुओं, व्यापारी साथियों एवं नगरवासियों से परिवार सहित उपस्थित होकर माँ नर्मदा का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।

**खबर संक्षेप**

### आत्महत्या केस में परिवार ने लगाया आरोप, एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** थाना पाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम डुंगरिया में रहने वाले आशीष राजपूत पुत्र रामसेवक ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसका भाई महेन्द्र उसके गांव की आलोप पत्नी रतिराम सहरिया से प्रेम करता था। लगभग चार माह पहले आलोप ने अपनी बहन थाना जखौरा के ग्राम जैरवारा में राजो पत्नी स्व.खूबे उसके घर रहने लगी। अपनी बहन राजो की जमीन बटाई को लेकर गेंहू की खेती कर रही थी। 16 जनवरी को रात करीब 11 बजे महेन्द्र व उसका भाई अत्तू उर्फ अवतार पुत्र किशनलाल आलोप से मिलने आया और उसके भाई महेन्द्र को देखकर गालियां देते हुये मुंह पर चप्पल मार दी और बेइज्जत करते हुये उससे कर जाने की बात कही। अगले दिन उसके भाई ने आलोप व रतिराम द्वारा किये गये दुष्पेरण से आहत होकर जंगल में जाकर पेड़ से फांसी पर लटककर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 108 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी

### घर लौट रही महिला से मारपीट, दोनों पक्षों पर मामला दर्ज

**ललितपुर।** थाना सौजना के ग्राम बारौन में रहने वाली रामप्यारी पत्नी ऊदल अहिरवार ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीते रविवार 18 जनवरी को सुबह 8.30 बजे वह घर वापस आ रही थी। तभी रास्ते में गांव के रमसू पुत्र लन्जुवा अहिरवार ने उसे गालियां दीं और विरोध करने पर मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गयी। बचाव करने आयी बहू आरती पत्नी रवि अहिरवार के साथ भी मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिसने पीड़िता की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से चन्द्रवती पत्नी रामस्वरूप अहिरवार ने पुलिस को बताया कि रविवार को उसके दरबाजे के सामने गांव की रामप्यारी पत्नी ऊदल अहिरवार, हज्जू व रवि पुत्र ऊदल ने एकराय होकर गालियां देते हुये मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गयी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### धारदार हथियार से घर आकर धमकी, युवक ने डरकर की आत्महत्या

**ललितपुर।** महरौनी कोतवाली के ग्राम पठाविजयपुरा निवासी पुष्पा पत्नी ग्यासी रैकवार ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि उसके पति के साथ गांव के ललित रजक पुत्र राजधर रजक व नरेश रजक पुत्र हरज्ञान रजक 15 जनवरी को पहले शराब पिलाकर उक्त दोनों व्यक्तियों ने उसके पति को रास्ते में रोकते हुये अकारण मारपीट कर गालियां दीं। आरोप है कि उक्त लोग उसके घर धारदार हथियार लेकर आये और अवैध धन की मांग करते हुये कहा कि रुपये नहीं दिये तो एस.सी.एस.टी. एक्ट में फंसा देंगे, जिससे उसका परिवार भयभीत हो गया। उक्त लोगों ने जान से मारने की धमकी दी और अपमानित किया। उनके पति मानसिक रूप से तनाव में था और उन्होंने इसी से आहत होकर 17 जनवरी को अपराह्न खेत में जाकर पेड़ से लटककर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने महिला की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 108 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### मारपीट कर धमकाने का आरोप लगाया, केस दर्ज

**ललितपुर।** थाना जाखलौन क्षेत्रांतर्गत ग्राम जामुनधाना में रहने वाले दीपक अहिरवार पुत्र पूरन अहिरवार ने पुलिस को अवगत कराया कि 12 जनवरी को शाम करीब 4 बजे उसकी पत्नी सुनीता, मां रामबेटी पत्नी पूरन, बहन सरोज अपने घर के बाहर बैठी हुयी थी। तभी उसके परिवार के कृपाल पुत्र ग्यासी अहिरवार बिना किसी बात के आये और गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया। जिसका मेडीकल परीक्षण 12 जनवरी को हो चुका है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

महिला से मारपीट कर धमकाया

ललितपुर। कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम चमरौआ में रहने वाली सविता पत्नी संजू लोधी ने पुलिस को तहरीर दी है।

ऊंची नीची आवाज में बजेगा सायरन, राहत व बचाव कार्य का प्रशिक्षण

# 23 को जिले में किया जाएगा ब्लैक आउट व हवाई हमले की मॉकड्रिल

## एडीएम ने फायर, आपदा, नगर विकास, पुलिस व यातायात की बैठक ली

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर




उत्तर प्रदेश दिवस-2026 के अवसर पर 23 जनवरी को नेताजी सुभाषचन्द्र बोस के जन्म दिवस पर आयोजि होने वाले ब्लैक आउट मॉक ड्रिल की तैयारियों के लिए जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के निर्देशन में एडीएम अंकुर श्रीवास्तव ने सोमवार को कलैक्ट्रेट सभागार में सम्बंधित विभागों व सिविल डिफेंस वॉलेन्टियर्स के साथ नागरिक सुरक्षा कोर की बैठक कर रणनीति तैयार की। एडीएम ने बताया कि 23 जनवरी को आयोजित होने वाली मॉकड्रिल के लिए 22 जनवरी को पुलिस लाइन ग्राउंड में शाम 5 बजे सभी विभागों व वॉलेंटियर्स का प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा, जिसमें सभी लोग अपनी अपनी तैयारी के साथ उपस्थित होंगे। 23 जनवरी को मॉकड्रिल के दौरान सायं 06 बजे से 6.10 बजे तक जनपद में ब्लैक आउट किया जाएगा और सभी क्षेत्रों में विद्युत व्यवस्था बाधित कर दी जाएगी, इस हेतु विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

ईओ को निर्देश दिये गए कि पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से लगातार तीन दिनों तक शहर में मॉकड्रिल व ब्लैक आउट की जानकारी देंगे। हवाई हमले की चेतावनी हेतु 2 मिनट तक ऊँची नीची आवाज में सायरन बजाया जाएगा, जिसके अंतर्गत नागरिकों को जमीन पर लेट कर शरण लेनी होगी।

इसके लिए क्षेत्राधिकारी सदर, ईओ व आपदा विशेषज्ञ को निर्देश दिये गए कि अपने-अपने स्तर से तैयारी पूर्ण कर लें और हवाई हमला समाप्त होते ही सायरन के माध्यम से ऑल क्लियर ध्वनि प्रवाहित कराना सुनिश्चित करेंगे। इसके उपरान्त फायर सर्विस व नागरिक सुरक्षा स्वयं सेवकों द्वारा छोटी व बड़ी आग बुझाने हेतु एक्सटिंगुशर का प्रयाग व फायर टेंडर का प्रयोग किया जाएगा, इसके लिए अग्निशम विभाग व आपदा मित्र और सिलिफ डिफेंश वॉलेंटियर्स को निर्देशित किया गया। बताया कि हमले के दौरान घायल लोगों को नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों द्वारा प्राथमिक चिकित्सा प्रदान की जाएगी, इसके बाद घायलों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगायी गई एम्बुलेंसों के माध्यम से चिकित्सालय पहुंचाया जाएगा। अंत में ध्वस्त बिल्डिंग में फसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालकर आगे की कार्यवाही की जाएगी। ब्लैक आउट की स्थिति में आमजन को बचाव के उपायों की जानकारी दी।

# मनरेगा बचाओ अभियान के तहत गांव में कांग्रेस ने लगाई चौपाल, दी नसीहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



मनरेगा बचाओ संग्राम के अंतर्गत बिरधा ब्लॉक के ग्राम धोबन खेरी में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक ने अध्यक्षता की तथा को जिला कोऑर्डिनेटर की मौजूदगी में चौपाल लगाई गई!

मजदूरों को बताया गया कि यह सरकार मनरेगा अधिनियम में परिवर्तन कर रही है जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री डा.मनमोहन सिंह की सरकार ने मजदूरों को काम मांगने का संवैधानिक अधिकार दिया था, अब बह छीन लिया गया है। गांव में प्रधान को पूरी ताकत दी गई थी कि वह अपने गांव में योजनाओं बनाकर मनरेगा का कार्य करें और जिससे गांव के मजदूरों को गांव में ही रोजगार मिले सके। कहा कि मनरेगा के अंतर्गत गांव के मजदूरों को 400 मजदूरी किए जाने की मांग उठाई। कांग्रेसी चाहती है कि मजदूरों की मजदूरी बढ़ाई जाए जिससे कि उनका भरण पोषण हो सके जहां एक तरफ महंगाई बढ़ रही है। वहीं दूसरी ओर मजदूरों की मजदूरी नहीं बढ़ रही है। जनपद का मजदूर बड़े शहरों की ओर पलायन कर रहा है, उसे गांव में कार्य नहीं मिल रहा है जब से यह सरकार आई है। तब से उन्होंने मनरेगा का कार्य में शिथिलता बरती है जिसके कारण मजदूरों को पलायन करना पड़ा हमारे राष्ट्रीय नेतृत्व मल्लिकार्जुन खडग़े, यूपीए चेयरपर्सन सोनिया गांधी, राष्ट्रीय महासचिव उ.प्र. प्रभारी अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय एवं मनरेगा प्रभारी उ.प्र. वॉर रूम संजय दीक्षित ने यह मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान चला कर मजदूरों की हक की लड़ाई सड़कों पर लड़ी जा रही है। इस दौरान जिलाध्यक्ष डा.रजक ने कहा कि मनरेगा मजदूरों की जीवन रेखा है जो गांव-गांव में चलाई जाती है। और मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराती है जिस तरह गांधी जी ने ग्राम स्वराज की कल्पना की थी यह उसी का मूर्ति रूप है।

### सास और साले की मारपीट

**ललितपुर।** मोहल्ला लकडय़ापुरा निवासी शाकिर पुत्र हरीश उर्फ भूरा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 15 जनवरी को शाम 7 बजे उसकी सास नसीम व साला राहिल उर्फ राहुल पुत्र मुन्ना शेख निवासी आगरा उसके घर आये और अपनी नानी को लेकर अस्पताल में इलाज करा रहा था। अगले दिन 16 जनवरी को सुबह 7 बजे वह घर आया तो सास नसीम व साला राहिल उर्फ राहुल व उसकी पत्नी के घर में रखे 10 हजार रुपये व मां के जेवरात लेकर जाने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने उसकी मां के साथ मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# उप्र सफाई मजदूर संघ ने रिक्त सफाई कर्मी पदों पर नियुक्ति की उठाई मांग

## जिलाधिकारी के द्वारा ज्ञापन सीएम के नाम भेजा




हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

प्रदेश की निकायों में दो लाख बियालीस हजार तीन सौ स्थायी सफाई कर्मचारियों की भर्ती की मांग से अवगत कराया प्रदेश की नगर निगमों, नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों का क्षेत्रफल विगत वर्षों में तेजी से बड़ा है।

क्षेत्रफल बड़ने के कारण समस्त निकायों में कर्मचारियों की संख्या में पर्याप्त बड़ोत्तरी नहीं हुई है। जिस कारण प्रदेश की निकायों में तैनात समस्त सफाई कर्मचारियों पर अपने कार्य से अतिरिक्त भार/बोझ देखने को मिलता है। जिस कारण कर्मचारी अपना मानसिक, आर्थिक व शारीरिक शोषण होना महसूस करते हैं। सफाई कर्मचारियों पर अतिरिक्त कार्य का भार/बोझ की वजह से ज्यादातर सफाई कर्मचारी अल्प आयु में ही बीमार व गम्भीर बीमारियों से ग्रस्त होने की सम्भावनायें बनी रहती है। प्रदेश की प्रत्येक नगर निगम में दो-दो हजार, नगर पालिकाओं में पांच-पांच सौ एवं नगर पंचायतों में दो-दो सौ कुल पद संख्या दो लाख बियालीस हजार तीन सौ (242300) सफाई कमचारिओं की स्थायी भर्ती करने की आवश्यकता है नये कर्मचारियों की भर्ती से कर्मचारियों पर पड़ने वाले अतिरिक्त कार्य का भार/बोझ कम होगा, साथ ही स्वच्छ भारत मिशन जैसे महत्वपूर्ण मिशन को सफल बनाने में भी कारगर साबित होगा एवं बाल्मीकि समाज जो आजादी के 79 साल बाद भी विकास की मुख्य धारा से वंचित है उसकी सबसे बड़ी बजह बाल्मीकि समाज में बेरोजगारी है।

सफाई कर्मचारियों की भर्ती से बाल्मीकि समाज के बेरोजगार लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। जिससे बाल्मीकि समाज को भी विकास की मुख्य धारा से जोड़ा जा सके। अतः मुख्यमंत्री प्रदेश की समस्त निकायों में दो लाख बियालीस हजार तीन सौ सफाई कर्मचारियों की स्थीय भर्ती करने की कृपा करें।

# 'हिंदी और साहित्य मां भारती की सेवा के उपकरण'






**हिंदी साहित्य भारती का परिचय सम्मेलन संपन्न**

**ललितपुर।** जगदीश मंदिर के पीछे तालाबपुरा में हिंदी साहित्य भारती की एक परिचय गोष्ठी का आयोजन संपन्न हुआ। गोष्ठी का प्रारंभ सोनू बाथम द्वारा गाए भावपूर्ण ध्येय गीत के माध्यम से हुआ। गोष्ठी में अंतरराष्ट्रीय हिंदी साहित्य भारती के अंतर्राष्ट्रीयअध्यक्ष पूर्व शिक्षा मंत्री उत्तर प्रदेश शासन डॉ रवींद्र शुक्ला ने विस्तार से इस संगठन का परिचय सुधी प्रतिभागियों के सम्मुख रखा।

उन्होंने बताया हिंदी और साहित्य मां भारती की सेवा के उपकरण हैं। माँ भारती की सेवा वस्तुतः भारतमाता की सेवा है। हमारे देश में भारतीय ज्ञान परंपरा का समुचित अवदान रेखांकित नहीं किया गया है। भारत का नामकरण उसके निवासियों द्वारा इस ज्ञान परंपरा में संलग्न होने के कारण हुआ। अतः हमारा देश भारत इज़ भारत है इंडिया दैट इज भारत नहीं। डॉ शुक्ला ने धर्मनिरपेक्ष शब्द की व्याख्या करते हुए उसकी असंगति को रेखांकित किया कि धर्म से निरपेक्ष होकर नहीं हुआ जा सकता। हम या तो धर्म के पक्ष में होंगे या इसके उलट अधर्म के पक्ष में। धर्म से निरपेक्ष होकर समाज गतिमान नहीं रह सकता। समाज को अपने पारंपरिक मूल्यों को लेकर आगे बढ़ना चाहिए। भारत की परंपरा में मानवता का स्वागत किया गया है, किंतु दानवता का दलन करना भी हमारी परंपरा का ही हिस्सा है। हिंदी साहित्य भारती वर्तमान में ६ देशों में कार्य कर रही है। देश भर में और उत्तर प्रदेश के विभिन्न ज़िलों में यह संगठन कार्यरत है। जबकि अभी इसको बने हुए मात्र छः वर्ष ही हुए हैं। इस गोष्ठी में प बाबूलाल द्विवेदी मुख्य अतिथि, अखिलेश मालवीय तथा विनोद शर्मा विशिष्ट अतिथि थे। अध्यक्षता हिंदी साहित्य भारती के ज़िलाध्यक्ष गगन चतुर्वेदी ने की। ज़िला कार्यकारिणी की रुपरेखा को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन अच्युत अवस्थी एवं आभार ज्ञापन राकेश नारायण द्विवेदी ने किया। सुदामा पाठक ने संगठन के पदाधिकारियों की सूची का वाचन किया। प्रदीप मोदी ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम में मुक्ता सोनी, इं हाकिम सिंह, करुणाकर शर्मा, राजेंद्र प्रकाश, सुबोध सारस्वत, मदन चतुर्वेदी, रामजीवन पटेल, डॉ जगवीर सिंह, हरिनारायण चौबे, नीरज द्विवेदी, नैंसी चतुर्वेदी, पल्लवी, सोनम पुरोहित, पियूषा, लालताराम, अभिषेक पुरोहित, डॉ विनय सोनी, डॉ विशाल जैन, डॉ मधुरेंद्र, पंकज अंगार, राजेश कौशिक, मनीष चतुर्वेदी, आशीष शर्मा, पुष्पेंद्र गौतम, ओमप्रकाश रावत, सौरभ मिश्रा, नीरज गंगेले, गोपाल द्विवेदी सहित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

ललितपुर में प्रेम, सेवा और मानव एकता के सार्वभौमिक संदेश का होगा प्रसार

# श्री सत्य साईं प्रेम प्रवाहिनी रथ यात्रा का हुआ दिव्य आगमन

**ललितपुर।** भगवान श्री सत्य साईं बाबा, जिन्हें दिव्य प्रेम का अवतार माना जाता है, के शाश्वत संदेश सबसे प्रेम करो, सबकी सेवा करो को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से श्रीसत्य साईं प्रेम प्रवाहिनी रथ यात्रा का जनपद ललितपुर में भव्य एवं दिव्य आगमन होने जा रहा है। यह यात्रा केवल धार्मिक आयोजन न होकर मानवता, करुणा, सद्भाव और निःस्वार्थ सेवा को समर्पित एक व्यापक आध्यात्मिक अभियान है।

श्री सत्य साई सेवा समिति ललितपुर के जिलाध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने कहा कि श्री सत्य साईं बाबा ने अपने जीवन और उपदेशों के माध्यम से यह स्पष्ट किया कि प्रेम ही ईश्वर है और निःस्वार्थ सेवा ही उसकी सच्ची उपासना है। उन्होंने धर्म, जाति और पंथ से परे मानवता की एकता पर बल देते हुए कहा कि सभी धर्म एक ही सत्य की ओर ले जाते हैं। प्रेम प्रवाहिनी रथ यात्रा इसी सार्वभौमिक दर्शन को मूर्त रूप देते हुए देशभर में हृदय से हृदय तक प्रेम की



ज्योति प्रज्वलित कर रही है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि यह दिव्य रथ यात्रा 31 जनवरी 2026 (शनिवार) सायं 7 बजे नगर ललितपुर में प्रवेश करेगी। 01 फरवरी 2026 (रविवार) सुबह 9 बजे नगर ललितपुर में भव्य शोभायात्रा आयोजित की जाएगी। इसी दिन सायं 4 बजे से भजन संध्या का आयोजन होगा। 02 फरवरी 2026 (सोमवार) सुबह 9 बजे रथ यात्रा ललितपुर से मध्य प्रदेश के लिए प्रस्थान करेगी। यह सम्पूर्ण कार्यक्रम अग्रवाल रेजीडेंसी, मां शारदा मंदिर के सामने, आजादपुरा, ललितपुर में आयोजित किया गया है। उन्होने कहा कि बाबा ने अपने जीवन में मानवता की एकता का संदेश दिया। श्रीसत्य साईं प्रेम प्रवाहिनी रथ यात्रा भगवान श्री सत्य साईं बाबा के उस सार्वभौमिक उद्घोष को जनमानस तक पहुंचाती है कि केवल एक ही जाति है वह है मानवता की जाति, केवल एक ही भाषा है जो है हृदय की भाषा, केवल एक ही धर्म है वह प्रेम का धर्म और केवल एक ही ईश्वर है जो सर्वव्यापी है। यह यात्रा समाज को निःस्वार्थ सेवा, करुणा एवं सामूहिक सद्भाव की दिशा में प्रेरित करेगी। श्रीश्रीवास्तव ने कहा कि इस कार्यक्रम का आयोजन श्री सत्य साईं सेवा समिति, जनपद ललितपुर (उ.प्र.) द्वारा किया जा रहा है। समिति ने जनपद के समस्त नागरिकों, सामाजिक संगठनों एवं श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे इस आध्यात्मिक अवसर में सहभागिता करें।

महिला एवं बाल विकास सुरक्षा संगठन का आयोजन

# कुरीतियों के खिलाफ चलाया जागरुकता अभियान



**ललितपुर।** एडीजी महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन लखनऊ के पत्र अनुक्रम में ऑपरेशन रक्षा विशेष अभियान में एसपी मो.मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी/नोडल अधिकारी कालू सिंह, सीओ यातायात राजेश कुमार श्रीवास्तव के कुशल मार्गदर्शन में थाना एएचटी से उ.नि. मंसूर अंसारी, म.का.कल्पना बाजपेयी, म.का.अंजू यादव, बाल कल्याण समिति से रविनारायण चौबे, जिला प्रोबेशन से जयराम, चाइल्ड लाइन से शिवम शुक्ला की संयुक्त टीम ने क्षेत्र में ब्यापक रुप से जागरुकता अभियान चलाकर महिलाओं पुरुषों एवं बच्चों को बाल विवाह, बालश्रम, बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन, बंधुआ मजदूरी तथा आपरेशन रक्षा अभियान, मानव तस्करी रोकथाम के सबंध में जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया, जिसमें वहां पर उपस्थित लोगो को शासन एंव प्रशासन द्वारा जारी टोल फ्री हेल्प लाइन नम्बर 1090, 1098, 108, 102, 112, 1076, 1930 व 181 आदि के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। बाल मजदूरी, बंधुआ मजदूरी, बाल विवाह, बाल उत्पीडन एवं किसी भी तरह की उत्पीडन व परेशानी से तत्काल पुलिस सहायता के सम्बन्ध में बच्चो को जागरुक कर बताया कि किसी भी लडकी का 18 वर्ष से कम व लडके का 21 वर्ष से कम उम्र विवाह करना कानूनी अपराध है, जिसमें बालक-बालिकाओं को बाल विवाह से होने वाले दुष्प्रभाव तथा समस्त लाभकारी योजनाओं, आत्मरक्षा एवं गुड टच, बैड टच, और बच्चों के प्रति शोषण आदि के बारे में व्यापक प्रचार प्रसार किया। होटलों में महिला सशक्तिकरण के तहत मानव तस्करी के सम्बन्ध में आपरेशन रक्षा के तहत सर्च अभियान चलाया।

# सड़क सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

## नुक्कड़ सभा के माध्यम से किया जागरूक

ललितपुर। के०पी०एस० पी०जी कॉलेज ककरूआ ललितपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत सड़क सुरक्षा विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्वयं सेवकों ने नुक्कड़ नाटक, लघु नाटिका एवं भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से सडक सुरक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। कार्यकम का शुभारम्भ कॉलेज की डॉयरेक्टर डॉ० लतिका सुडेले, प्राचार्य डॉ० राजेन्द्र प्रकाश, मुख्य अतिथि डॉ० वारिश द्विवेदी जी, राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी प्रभांशु नगाइच, सहायक कार्यकम अधिकारी दिनेश श्रीवास्तव, सड़क सुरक्षा प्रभारी पुष्पेन्द्र पुरोहित एवं सहायक प्रभारी राजकुमार पटेल ने माँ सरस्वती के चित्र पर मार्त्यापण एवं दीप प्रज्ज्वलित करके किया।

डॉ० लतिका सुडेले ने अपने सम्बोधन में कहा कि छात्र-छात्राएं वाहन चलाते समय हेलमेट / सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें, एवं नियंत्रित गति से वाहन चलायें। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें। प्राचार्य डॉ० राजेन्द्र प्रकाश ने कहा कि नाबालिग छात्र-छात्राएं वाहन का प्रयोग न करें। सडक पार करते समय दोनों ओर देख कर ही पार करें। आईक्यूएसी० प्रभारी प्रभांशु नगाइच ने कहा कि कभी भी शराब पीकर वाहन न चलायें और गति सीमा का ध्यान रखें। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता दीपक जैन ने किया और राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी प्रभांशु नगाइच ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में असि०प्रो० दिनेश श्रीवास्तव, डॉ० साकेत कुमार, दीपक जैन, भानूप्रताप सिंह, रानी देवी, छाया तिवारी, अनीता साहू, नेहा श्रीवास्तव, ज्योति रानी, पुष्पेन्द्र पुरोहित, केहर राही, निधि जैन, जगतराज, राजकुमार पटेल, पंकज पटैरिया, रवीन्द्र कुमार अभिषेक शुक्ला, अमित कुमार आदि मौजूद थे।

संबंधित फार्मों में स्पष्ट कारण अंकित किए जाने के निर्देश

# एसआईआर में बीएलओ व सुपरवाईजरों को आ रही समस्याओं के निदान कार्यशाला में दूर करना बताए

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर





भारत निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सत्य प्रकाश के निर्देशानुसार सोमवार को विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत बीएलओ व सुपरवाईजरों को आ रही समस्याओं के समाधान हेतु वृहद कार्यशाला का आयोजन कल्याण सिंह सभागार में किया गया। कार्यशाला के दौरान विधानसभा ललितपुर व महरौनी के समस्त बीएलओ व सुपरवाईजरों ने प्रतिभाग किया।

यहां पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी अंकुर श्रीवास्तव ने एसआईआर के अंतर्गत एएसडी मतदाताओं की मैपिंग में आ रही समस्याओं के समाधान पर विस्तृत जानकारी दी। इसके फार्म 6, 7 व 8 के सम्बंध में बिंदुवार फार्म भरने की प्रक्रिया को पीपीटी के माध्यम से समझाया गया। बताया गया कि जो मतदाता एसआईआर के प्रथम चरण में छूट गए हैं, उनकी मैपिंग के लिए गांव-गांव में अभियान चल रहा है, जिसमें ऐसे पात्र मतदाताओं का फार्म 6 भरवाया जा रहा है। इस सम्बंध में निर्वाचन आयोग के स्पष्ट निर्देश हैं कि कोई भी वैद्य मतदाता छूटने न पाये, इसके लिए शहरी एवं ग्रामीण स्तर पर अभियान चलाकर भ्रान्तियों को दूर किया जाए। इसके साथ ही नौ मैपिंग मतदाताओं को नोटिस प्राप्त कराकर मौके पर ही उनसे सम्बंधित दस्तावेज प्राप्त करें और उनका फार्म भरवाएं, मतदाताओं को ऐसा नहीं लगना चाहिए कि इस कार्यवाही से उन्हें किसी भी प्रकार की जानी होने की संभावना है। उन्होंने यह भी कहा कि एएसडी मैपिंग के दौरान डुप्लीकेट, शिफ्टिेड व मृतक मतदाताओं के सम्बंध में उनके फार्मों पर स्पष्ट कारण लिखा जाए, ताकि मैपिंग व फीडिंग के दौरान कोई समस्या न आए।

कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर महेन्द्र कुमार ने सभी बीएलओ व सुपरवाईजरों को फार्म 6, 7 व 8 को भरने की पूरी प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी, नो मैपिंग मतदाताओं को नोटिस दिये जाने, गणना प्रपत्रों में फोटो अपलोड की स्थिति एवं गणना प्रपत्र भरने सम्बंधी जानकारी प्रदान की गई। इसमें बीएलओ व सुपरवाईजरों के प्रश्न के उत्तर दिए। एसआईआर के दौरान दिवंगत बीएलओ के लिए 2 मिनट तक मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई।


## जिला अस्पताल में हो रही सीटी स्कैन और पैथॉलौजी कंपनी के बिलों में 50 प्रतिशत तक की आई कमी

# स्वास्थ्य अधिकारियों ने सरकारी पैसे की अनियमितता पर लगाया अंकुश

**सीएमएचओ और सिविल सर्जन दोनों ने कहा फिजूलखर्ची रोकने के प्रयास**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

जिला अस्पताल में सीएमएचओ डॉ शोभा पटेल और सिविल सर्जन डॉ रजनीश शर्मा के प्रयास रंग लाने लगे हैं। जिससे महीनों से हो रही फिजूल जॉचों पर अधिकारियों ने अंकुश लगाते हुए सरकार का लाखों रूप्ए बचाने का प्रयास किया है। एक ओर जहां पर पैथालॉली एवं सिटी स्कैन में जहां लाखों रूप्ए का बिल प्रतिमाह संबंधित कंपनियों को दिया जाता था वहीं आज स्थिती यह है कि उन्हीं का बिल लगभग 50 प्रतिशत तक कम हो गया है । तब इस बारे में संबंधित अधिकारियों से बात की गई तो उन्होने बताया कि पहले न चाहते हुए भी कई मरीजों की जांचे बिना बजह की जा रहीं थी जिसको लेकरहमने संबंधित डॉक्टर से बात करके इसकों उपयोगिता के अनुसार जांच करवाने की बात कहीं जिस पर समस्त मेडीकल स्टॉफ ने अपनी सहमती दी जिससे यह काम संभव हो पाया। आज स्थिती यह है कि वास्को सिटी स्कैन एवं भोपाल की पैथालॉजी कंपनी पोक्ट साइंस हाउस प्रा लिमी की कार्यशैली में परिवर्तन आया है और जांच का दायरा कम होते हुए सरकार का लाखों रूप्ए बचाने के प्रयास किए जा रहे है।


TAX INVOICE

POCT SCIENCE HOUSE PVT LTD (FY 25-26)
Sector 1, 17/1, Shanti Niketan Colony
Bhopal, MP-462023
GSTIN/UIN: 23AAKCP2939C1ZL
State Name: Madhya Pradesh, Code: 23
Email: accounts@shmpl.com

Invoice No.: PSHPL25-26-00534 | Dated: 31/10/2025
Reference No. & Date: PSHPL25-26-00534 dt. 31/10/2025

Bill To:
DISTRICT GOVT. HOSPITAL-RAJGARH
RAJGARH, 465661
GSTIN: 23BPLC01849B1DP
State Name: Madhya Pradesh
Billing Period: 01 Oct 2025 to 31 Oct 2025

| S.No. | Description of Services | HSN/SAC | Amount |
|---|---|---|---|
| 1. | Service Provider on Wet Lease Basis Reagent Rental | 999316 | 2216934.00 |
| | Output CGST | | 199524.06 |
| | Output SGST | | 199524.06 |
| | Round Off | | 0.00 |
| | Total | | 2615982.00 |


Amount Chargeable (in words): INR Twenty Six Lakh Fifteen Thousand Nine Hundred Eighty Two Rupees Only. E. & O.E

| HSN/SAC | Taxable values | CGST Rate | CGST Amount | SGST Rate | SGST Amount | Total Tax Amount |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 999316 | 2,216,934.00 | 9% | 199,524.06 | 9% | 199,524.06 | 399048.00 |
| Total | 2,216,934.00 | | 199,524.06 | | 199,524.06 | 399048.00 |

Tax Amount (in words): INR Three Lakh Ninety Nine Thousand Forty Eight Rupees Only
Company's PAN: AAKCP2939C
Declaration: We declare that this invoice shows the actual price of the goods described and that all particulars are true and correct.
FOR POCT SCIENCE HOUSE PVT LTD- BHOPAL (FY 25-26)
Authorised Signatory

Note:
1. Make all cheques/NEFT/RTGS payable to POCT Science House Pvt Ltd
2. Bank Name: HDFC Bank, Account No.: 50200041752391, IFSC: HDFC0009367

AUTHORISED SIGNATORY
forwarded to C.S. for
NODAL OFFICER / PATHOLOGIST
Page 1 of 6


TAX INVOICE

POCT SCIENCE HOUSE PVT LTD (FY 25-26)
Sector 1, 17/1, Shanti Niketan Colony
Bhopal, MP-462023
GSTIN/UIN: 23AAKCP2939C1ZL
State Name: Madhya Pradesh, Code: 23
Email: accounts@shmpl.com

Invoice No.: PSHPL25-26-00449 | Dated: 30/09/2025
Reference No. & Date: PSHPL25-26-00449 dt. 30/09/2025

Bill To:
DISTRICT GOVT. HOSPITAL-RAJGARH
RAJGARH, 465661
GSTIN: 23BPLC01849B1DP
State Name: Madhya Pradesh
Billing Period: 01 Sep 2025 to 30 Sep 2025

| S.No. | Description of Services | HSN/SAC | Amount |
|---|---|---|---|
| 1. | Service Provider on Wet Lease Basis Reagent Rental | 999316 | 2369104.00 |
| | Output CGST | | 213219.36 |
| | Output SGST | | 213219.36 |
| | Round Off | | 0.50 |
| | Total | | 2795542.00 |

Amount Chargeable (in words): INR Twenty Seven Lakh Ninety Five Thousand Five Hundred Forty Two Rupees Only. E. & O.E

| HSN/SAC | Taxable values | CGST Rate | CGST Amount | SGST Rate | SGST Amount | Total Tax Amount |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 999316 | 2,369,104.00 | 9% | 213,219.36 | 9% | 213,219.36 | 426439.00 |
| Total | 2,369,104.00 | | 213,219.36 | | 213,219.36 | 426439.00 |

Tax Amount (in words): INR Four Lakh Twenty Six Thousand Four Hundred Thirty Nine Rupees Only
Company's PAN: AAKCP2939C
Declaration: We declare that this invoice shows the actual price of the goods described and that all particulars are true and correct.
FOR POCT SCIENCE HOUSE PVT LTD- BHOPAL (FY 25-26)
Authorised Signatory

Note:
1. Make all cheques/NEFT/RTGS payable to POCT Science House Pvt Ltd
2. Bank Name: HDFC Bank, Account No.: 50200041752391, IFSC: HDFC0009367

AUTHORISED SIGNATORY
NODAL OFFICER / PATHOLOGIST

### लाखों रुपए के बिल हुए आधे

जिला अस्पताल में काम करने वाली पूंरा लिं कंपनी भोपाल की पैथालॉजी कंपनपी पोक्ट साइंस हाउस प्रा लिमी एवं वास्कों सिटी स्कैन द्वारा पूर्व में लाखों रूप्ए के बिल दिए जा रहे थे जो बिना किसी रोक-टोक के पास भी हो रहे थे परंतु सिविल सर्जन डॉ रजनीश शर्मा एवं सीएमएचओं डॉ शोभा पटेल के प्रयासों से हाल ही के महीनों में इन्हीं कंपनियों के बिल लगभग आधे हो चले है । जिला मुख्यालय में पर यह पहली बार है कि संबंधित कंपनियों की बिल राशि लगभग आधी हो गई है जिससे सरकार को आने वाले सालों में करोडों रूप्ए की राशि की बचत होगी।

### एक निगाह इन आंकडों पर

**भोपाल की पैथालॉजी कंपन पी पोक्ट साइंस हाउस प्रा लिमी द्वारा दिए गए बिल की राशि**

- दिसंबर में राशि - 19 लाख 55 हजार
- नवंबर में राशि - 23 लाख 64 हजार
- अक्टूबर में राशि - 28 लाख 15 हजार
- सितंबर में राशि - 27 लाख 95 हजार

यह आंकडे यह बताने के लिए काफी है कि यदि किसी विभाग की व्यवस्था बदतली है तो बहुत कुछ बातें अच्छी भी होती है । उपरोक्त ऑकर्डे यह बता रहे है कि जिस कंपनी का बिल 28 लाख के आसपास रहा वह दिसंबर में 19 लाख 55 हजार तक आ गया जिससे यह कहा जा सकता है कि अधिकारी चाहें तो कंपनियों की बिलिंग को कम किया जा सकता है।

### सिटी स्कैन का बिल भी हुआ आधा

सालों से जिला अस्पताल में चल रही वास्कों कंपनी की सिटी स्कैन पर भी अधिकारियों ने अंकुश लगाकर उसके बिल को लगभग आधा कर दिया है सिविल सर्जन डॉ रजनीश शर्मा ने बताया कि हमने नोटिस जारी कर फिजूल हो रही जाचों पर प्रतिबंध लगाने की बात कहीं है जिसमें समस्त डॉ का सहयोग मिल रहा है और हम शासन का पैसा बचाने के लिए लगातर प्रयास कर रहे हैं। हाल ही में वास्कों को मासिक बिल भी लगभग 50 प्रतिशत तक कम हुआ है ।

# सीआरपीएफ जवान की बाइक पेड़ से टकराई, तोड़ दिया दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

मेरी पत्नी खाना लेकर बेटी होगी कह कर निकले जवान सीआरपीएफ जवान की हुई मौत बाइक पेड़ से ट्रक घर पर पत्नी खाना लेकर इंतजार कर रही होगी... यह कहकर दोस्त से विदा लेने वाले सीआरपीएफ जवान को शायद अंदाजा भी नहीं था कि यह उसकी जिंदगी की आखिरी बात साबित होगी। पांच दिन की छुट्टी लेकर गांव लौट रहे सीआरपीएफ जवान की शनिवार रात सड़क हादसे में मौत हो गई।

मृतक की पहचान हालाहेड़ी गांव निवासी 35 वर्षीय सुरेश वर्मा के रूप में हुई है, जो वर्तमान में भोपाल में सीआरपीएफ में पदस्थ था। हादसा हालाहेड़ी गांव से महज डेढ़ किलोमीटर पहले तालाब के पास मोड़ पर हुआ, जहां तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे नीम के पेड़ से टकरा गई।



### भोपाल से बाइक से निकले थे दोनों दोस्त

सुरेश वर्मा शनिवार को पांच दिन की छुट्टी लेकर भोपाल से गांव लौट रहा था। उसके साथ सीआरपीएफ में ही पदस्थ उसका दोस्त रामेश्वर दांगी भी था, जो हिनोत्या गांव का निवासी है। दोनों दोपहर करीब साढ़े 12 बजे बाइक से रवाना हुए थे। रामेश्वर दांगी के मुताबिक, रास्ते में सुरेश की पल्सर बाइक के हैंडल और कुछ पार्ट्स ढीले महसूस हो रहे थे। एहतियात के तौर पर दोनों एक शोरूम पर रुके और मैकेनिक से बाइक की मरम्मत करवाई। इसके बाद वे धीरे-धीरे आगे बढ़े। शाम करीब साढ़े 7 बजे खिलचीपुर पहुंचकर सब्जी भी खरीदी।

### घर में इंतजार, अस्पताल से आई मौत की खबर

सूचना मिलते ही ग्रामीण और परिजन मौके पर पहुंचे। सुरेश को तुरंत खिलचीपुर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिस वक्त घर में उसके आने की तैयारी चल रही थी, उसी समय अस्पताल से मौत की खबर पहुंची। गांव में जवान की मौत से शोक का माहौल है। सीआरपीएफ जवान सुरेश वर्मा एक साधारण किसान परिवार से ताल्लुक रखता था। उसके पिता बापू वर्मा खेती-किसानी करते हैं। परिवार में मां, बड़े भाई मुकेश वर्मा और अन्य परिजन हैं। सुरेश की शादी वर्ष 2009 में भूमका गांव निवासी रीना वर्मा से हुई थी।

## हिन्दू सम्मेलन में ध्वज और कलश निकालकर किया भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

भोजपुर मंडल का हिंदू सम्मेलन के निमित्त भुमिपूजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में पूरे देश भर में चल रहे हिंदू सम्मेलन की भोजपुर मंडल का हिंदू महासम्मेलन 27 जनवरी 2026 मंगलवार को बालाजी महाराज की डूंगरी में संपन्न होगा। जिसके निमित्त श्रीराम मंदिर से कलश व ध्वज यात्रा प्रारंभ होकर श्री बालाजी महाराज मन्दिर डूँगरी पर भुमिपूजन कार्यक्रम हुआ।जिसमे मंडल के सभी गांवों के सभी समाज के सामजिक बंधु मौजूद थे। कार्यक्रम में संघ के विभाग कुटुम्ब प्रबोधन संयोजक राजेंद्र शर्मा ने कहा कि सभी समाज को साथ में लेकर, समरसता का भाव भरते हुए भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपने कार्यों में उतारते हुए सभी कार्य किए जाने चाहिए।

**श्मशान के अभाव में अंत्येष्टि को तरस रहे ग्रामीण, अनदेखी बनी सबब**

# ग्राम पगारी में श्मशान के अभाव से ग्रामीणों को परेशानी, आवंटित भूमि भी बदहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के ग्राम पगारी में शमशान (मुक्तिधाम) की उचित व्यवस्था न होने के कारण ग्रामीणों को आए दिन गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। अंतिम संस्कार जैसे संवेदनशील समय में परिजनों को सम्मानजनक स्थान तक भी कठिनाई से पहुंचना पड़ता है, जिससे शोक की घड़ी और अधिक पीड़ादायक बन जाती है।

ग्रामीणों का कहना है कि गांव के लिए जो भूमि शमशान हेतु आवंटित की गई है, वह वर्तमान में पूरी तरह उपेक्षित अवस्था में है। उस भूमि पर चारों ओर कांटेदार झाड़ियां उगी हुई हैं, जगह-जगह गहरे गड्ढे हैं और समतलीकरण का कोई कार्य नहीं किया गया है। बरसात के मौसम में स्थिति और भी विकट हो जाती है, जब पानी भर जाने से वहां पहुंचना तक संभव नहीं हो पाता। ग्रामीण बताते हैं कि कई बार अंतिम संस्कार के समय उचित स्थान न मिलने के कारण उन्हें अस्थायी और असुविधाजनक स्थानों पर संस्कार करना पड़ता है, जो न केवल परंपराओं के विरुद्ध है बल्कि मानवीय दृष्टि से भी अत्यंत पीड़ादायक स्थिति है।



# संघ शताब्दी वर्ष पर तारागंज में हुआ भव्य हिंदू सम्मेलन, समरसता सहभोज का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पूरे देश में शताब्दी वर्ष मनाया जा रहा है। इसी क्रम में ब्यावरा जिले के अंतर्गत सारंगपुर खंड के ग्राम तारागंज में रविवार को भव्य हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूरा गांव भगवा ध्वजों, तोरणों एवं धार्मिक प्रतीकों से सजाया गया, जिससे वातावरण पूर्णतः सनातन संस्कृति से ओतप्रोत दिखाई दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक कलश यात्रा से हुई, जिसमें महिला-पुरुष, युवा एवं बच्चे उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुए। कलश यात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से होकर सम्मेलन स्थल तक पहुंची, कलश यात्रा का मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जहां विधिवत पूजन-अर्चन एवं मंचासीन कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंच पर संत लक्ष्मी नारायण बैरागी संत मांगीलाल बैरागी संत राधेश्याम विश्वकर्मा सहित अन्य साधु-संतों का सानिध्य प्राप्त हुआ, जिनके आशीर्वचनों से उपस्थित जनसमूह को मार्गदर्शन मिला। सम्मेलन के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खंड प्रचारक विश्वास सिह ने अपने उद्बोधन में संघ के 100 वर्षों की राष्ट्रसेवा यात्रा पर प्रकाश डालते हुए सामाजिक समरसता, हिंदू एकता, राष्ट्रभक्ति एवं सांस्कृतिक मूल्यों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया।




# तेज रफ्तार कार ने बाइक को मारी टक्कर, मां-बेटे सहित तीन घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

राजगढ़ रोड स्थित बामलाबे जोड़ के पास शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार मां बेटा सहित सड़क किनारे खड़ा एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। तीनों को एंबुलेंस की मदद से सिविल अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रेफर कर दिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हुकुमसिंह पिता बीरम सौंधिया 35 अपनी मां गंगाबाई सौंधिया 55 निवासी हयातपुरा बाइक से राजगढ़ की ओर जा रहे थे उसी दौरान बामलाबे जोड़ के तेज रफ्तार कर ने बाइक को टक्कर जिसमे मां बेटे सहित सड़क किनारे खड़ा युवक कल्लू पिता छोटेलाल जाटव 30 गंभीर घायल हो गए। हादसे के बाद कार चालक कार लेकर फरार हो गया। दोनों घायल मां बेटे को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहा से प्राथमिक उपचार के बाद रेफर किया गया। घायल कल्लू को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही देहात थाना पुलिस सिविल अस्पताल पहुंची, जहां घायलों के बयान दर्ज किए गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार कार चालक की तलाश शुरू कर दी है।



## चीनी वस्तुओं का किया बहिष्कार, रोपे गए पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

विशाल हिंदू सम्मेलन के निमित्त नगर खुजनेर में 10 दिनों तक अलग अलग कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे शनिवार को भव्य सामूहिक सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ।

रविवार को छत्रपति शिवाजी बस स्टैंड परिसर पर सकल हिंदू समाज द्वारा में विदेशी वस्तुओं एवं चीन के प्रोडक्ट का बहिष्कार किया गया और स्वदेशी अपनाओ दिवस मनाया गया है जिसमें प्रांत बौद्धिक प्रमुख प्रमोद पंवार सहित नगर के व्यापारी बंधु और सकल हिंदू समाज के कार्यकर्ता मौजूद रहे,मुख्य वक्ता के रूप में धर्मजागरण विभाग प्रमुख गजराज सिंह राजपूत ने बताया कि समस्त भारत वासियों को स्वदेशी वस्तुओं की और लौटना पड़ेगा तब जाकर हम भारत को एक भव्य राष्ट बना सकेंगे हम लोगों को स्वयं पर निर्भर होना पड़ेगा हमें विदेशी वस्तुओं का उपयोग नहीं करना है वही पर्यावरण को लगातार हमें सुरक्षित रखना चाहिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपना शताब्दी वर्ष बना रहा है संघ के पांच प्रमुख बिंदु हैं पर्यावरण समरसता कुटुंब प्रबोधन स्वदेशी इन सभी विचारों पर संघ लगातार कार्यरत है।



# हिन्दू समागम सम्मेलन आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

रविवार को पीलूखेड़ी मंडल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में एक भव्य एवं विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन ग्राम गीलाखेड़ी में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में क्षेत्रभर से हजारों की संख्या में समाज के विभिन्न वर्गों के समाजबंधु शामिल हुए। कार्यक्रम स्थल पर धर्म, संस्कार, संगठन और समरसता का बातावरण देखने को मिला। वक्ताओं ने हिंदुत्व के मूल सिद्धांतों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए पंच परिवर्तन-कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्व का बोध एवं नागरिक कर्तव्य पर अपने विचार रखे। वही ऊपर उठकर संगठित रहने, परिवार एवं समाज में समरसता बनाए रखने तथा भारतीय संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं समाजबंधुओं ने सहभागिता की।



## जन अभियान परिषद ने ग्राम विकास पखवाड़ा के तहत की गई संगोष्ठी आयोजित

**सारंगपुर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड सारंगपुर द्वारा रविवार को स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय परिसर में ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान के अंतर्गत ग्राम विकास पखवाड़ा के तहत एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण सहभागिता को सशक्त बनाना तथा सामाजिक जागरूकता के माध्यम से समग्र ग्राम विकास की दिशा में जनसहभागिता को बढ़ावा देना रहा। अतिथियों द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र एवं स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता महादेव मित्र मंडल के संगठन मंत्री समाजसेवी दिनेश सिसौदिया ने स्वामी विवेकानंद के विचारों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

## भगवान के भरोसे जिनकी नाव चले उसका कोई कुछ बिगाड़ नहीं सकता : आचार्य सोनू

**जीरापुर।** नगर के पिपल्या रोड़ श्री बागवाले हनुमान मंदिर गोप चैहान जी महाराज पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा में व्यास आचार्य पंडित सोनू शर्मा कुरावर के मुखारविंद से श्रोताओं को श्रवण कराते हुए बताया कि भगवान के भरोसे जिसकी नाव चले उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता है। उन्होंने बताया कि अश्वत्थामा ने जो प्रतिज्ञा कर पाण्डव के सिर काटना चाहे लेकिन भगवान कृष्ण साथ उनका आशीर्वाद से पाण्डव के सिर बच गए और अंत ऐसा हुआ कि दुर्योधन का ही प्राणांत हुआ। द्रोपदी प्रसंग को विस्तार से सुनाया। ब्रह्म हत्या ना करनी चाहिए न कभी होने देना चाहिए यह सबसे बड़ा पाप है।

**कालीपीठ में आयोजित हो रहा एनएसएस का शिविर**

# विद्यार्थियों ने गांव में साफ-सफाई करके दिया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

मुख्यालय स्थित शा. स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना(एनएसएस) ईकाई के तत्वावधान में समीपस्थ ग्राम कालीपीठ में सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के तहत गांव में रविवार को स्वच्छता जागरुकता से जुड़ी कईं गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने गांव के विभिन्न मोहल्लों, चैक-चैराहों पर पहुंचकर हाथ में झाडू उठाते हुए साफ-सफाई की। बस स्टैंड पर हुए स्वच्छता कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों ने उत्साह के साथ कचरा सहित आसपास फैली पॉलीथीन को समेटते हुए सफाई के प्रति जागरुकता का संदेश दिया। इस दौरान संगठन प्रभारी डॉ. शैलेंद्र मेवाड़ा ने स्वयंसेवकों को स्वच्छता और स्वास्थ्य से जुड़े पहलुओं से अवगत कराया। सफाई अभियान उपरान्त विद्यार्थियों द्वारा स्वच्छता को ही संबंध में गाव में एक रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान नारे लगाते हुए स्थानीय रहवासियों से अपने आसपास एवं क्षेत्र में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ स्वयंसेवकों में आनंद शर्मा, तुषार साहू, गोविंद गुर्जर, राजमोहन नरवरिया, शिवानी सूर्यवंशी, अनीता तंवर, आकांक्षा खरे सहित अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। आज सोमवार को विविध कार्यक्रमों उपरान्त शिविर का समापन होगा।




## हाटकेश्वर धाम समिति ने किया सम्मान




**ब्यावरा।** हाटकेश्वर धाम समिति कचनारिया के द्वारा नगर के सिस्टर निवेदिता विधालय एवं विवेकानंद हायर सेकंडरी स्कूल की ब्राच 1 व 2 द्वारा विवेकानंद जयंती के अवसर पर जो झांकियां प्रस्तुत की थी उससे प्रभावित होकर हाटकेश्वर समिति के सदस्यों ने स्कूल की दोनों ब्रांच को सम्मानित कर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर हाटकेश्वर समिति के अध्यक्ष रमेश नागर, बीके शर्मा, दीपक नायक, अशोक दुबे, गिरिराज शर्मा, संतोष अवस्थी, बृजेश त्रिवेदी, रामदयाल पालीवाल कचनारिया, रामनारायण चन्द्र वंशी, हरिनारायण चन्द्र वंशी, सहित स्कूल स्टाफ सम्मिलित रहा।

## जशपुर कलेक्टर रोहित व्यास ने दिए संकेत

# छत्तीसगढ़ राज्य के बगिया क्षेत्र में बनेगा मोहनपुरा जैसा मॉडल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

प्रदेश की सीमा से सटे छत्तीसगढ़ राज्य का एक दल मोहनपुरा, कुंडालिया परियोजना के तकनीकी समेत सभी पहलुओं को जानने, समझने जिले के दो दिवसीय दौरे आया हुआ है। 58 सदस्यीय इस दल में छग के जशपुर जिले के कलेक्टर रोहित व्यास भी शामिल हैं। मोहनपुरा जैसी प्रेशराईज्ड सिंचाई प्रणाली को जशपुर जिले के बगिया क्षेत्र में पायलेट प्रोजेक्ट के तहत लघु सिंचाई परियोजना के रूप में अपनाया जाने वाला है। करीब 13 गांवों को मिलाकर बन रही इस परियोजना के सफल क्रियान्वयन के बाद छत्तीसगढ़ राज्य में मोहनपुरा की तरह वृहद सिंचाई परियोजना भी बन सकती है। इस बात के संकेत जशपुर कलेक्टर श्री व्यास ने दिए हैं। उक्त लघु परियोजना के सुचारू क्रियान्वयन के लिए मोहनपुरा बांध प्रबंधन ईकाई के अधिकारियों का भी सहयोग लिया जाएगा।

### दल के सदस्यों ने लाभान्वित ग्रामीणों से किया सीधा संवाद

दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन इस दल ने रविवार को फतेहपुर, धोबीपुरा, नयागांव, मुंडी सहित सूरजपुरा एवं आसपास के ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। इस दौरान दल ने किसानों को आ रही कुछ परेशानियों एवं उनसे निपटने के तरीके भी जाने। परियोजना प्रशासक विकास राजोरिया ने छत्तीसगढ़ से आए दल से कहा कि सिंचाई का हमारा लक्ष्य पूरा हो गया है। अब हम सिंचाई का अतिरिक्त रकबा बढ़ाकर किसानों को और भी लाभान्वित करेंगे। हमारा शत प्रतिशत लक्ष्य इस साल पूरा होने को आया है अब और दूर दराज के छोटे क्षेत्र में पानी ले जाने हम प्रयास कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ से आए दल ने जिले में दो दिनों तक भ्रमण कर जल उपयोग दक्षता और जल प्रबंधन के लिए परियोजना को भलेहीं ही बारीकी से समझ लिया हो, लेकिन क्षेत्र विकास को ऊंचाई पर ले जाने ओर लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने कई मानव प्रयास करने होंगे।